झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

निविदा सूचना

विज्ञप्ति संख्या - 06/2014

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि परिषद् में विभिन्न प्रकार की सामग्रियों के क्रय हेतु दर निर्धारण के लिए निविदा प्रपत्र में अंकित शर्तों के अधीन पंजीकृत, प्रतिष्ठित, अधिकृत विक्रेता एवं स्थापित प्रतिष्ठानों से मुहरबन्द लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया जाता है। यह दर निविदा खोलने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य रहेगा और आवश्यकता अनुसार सामग्रियों की क्रय हेतु कार्यालय आदेश निर्गत किया जाएगा। साथ ही आवश्यकता को देखते हुए अगली निविदा प्रकाशित होने तक अनुमोदित दर को लागू रखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र सामग्रियों की सूची आदि परिषद् कार्यालय में दिनांक 03.02.2014 से 11.02.2014 तक प्रत्येक कार्य दिवस को अपराह्न 04.00 बजे तक रू. 2000/- (दो हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। बैंक ड्राफ्ट **"झारखण्ड अधिविद्य परिषद् फण्ड"** के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का हो सकता है एवं राँची में देय होगा। यह वापस नहीं की जाएगी। (Non Refundable) इच्छुक निविदादाता दिनांक 12.02.2014 के अपराह्न 01.00 बजे तक सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 12.02.2014 को अपराह्न 03.00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

नोट: निविदा प्रपत्र को परिषद् के बेबसाइट www.jac.nic.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र अगर परिषद् के बेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में निविदा प्रपत्र का मूल्य 2000/- (दो हजार) रू. का बैंक ड्राफ्ट भरे हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना होगा।

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./-
(सुशील कुमार राय)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/Store/358/08-09/SECY/47/14
Dt.: 31.01.2014
D.O.P : 01.02.2014